**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1810**
**उत्तर देने की तारीख: 02.03.2020**

**निष्ठा कार्यक्रम**

†1810. श्री उत्तम कुमार रेड्डी नलमदा:

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बच्चों के अध्ययन परिणाम संबंधी विद्यालय प्रमुख एवं शिक्षक समग्र विकास संबंधी राष्ट्रीय पहल (निष्ठा योजना) के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है; और

(ख) योजना के अंतर्गत राज्य-वार कितनी निधि का आबंटन किया गया है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) और (ख): स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने केन्द्रीय प्रायोजित योजना-समग्र शिक्षा के तहत अगस्त, 2019 में निष्ठा - स्कूल प्रमुखों एवं अध्यापकों के समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय पहल नामक एकीकृत अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर परिणामों में सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन की शुरूआत की है। छात्रों के अधिगम परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए 2020 में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

निष्ठा प्रशिक्षण में अधिगम परिणामों, क्षमता आधारित अधिगम एवं परीक्षण, छात्र केन्द्रित शिक्षण, स्कूल सुरक्षा एवं संरक्षा, वैयक्तिक-सामाजिक गुण, समावेशी शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित शिक्षण-अधिगम में आईसीटी, योग सहित स्वास्थ्य और देखभाल, पुस्तकालय सहित स्कूल शिक्षा में इको क्लब, युवा क्लब, किचन गार्डन, स्कूल नेतृत्व गुण, पर्यावरण सरोकार, प्री-स्कूल, प्री-वोकेशनल शिक्षा और विद्यालय आधारित मूल्यांकन, हंसते-खेलते हुए सिखना जैसे विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। निष्ठा के तहत आवंटित राज्यवार निधि अनुबंध में है।

अनुबंध

'निष्ठा कार्यक्रम' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री उत्तम कुमार रेड्डी नलमदा द्वारा लोक सभा में दिनांक 02.03.2020 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1810 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| निष्ठा, 2019-20 के तहत आवंटित राज्यवार निधि। | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आवंटित धन (रु। में लाख) |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 77.02 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3117.82 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 416.22 |
| 4 | असम | 5326.88 |
| 5 | बिहार | 11003.92 |
| 6 | चंडीगढ़ | 70.47 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 4305.21 |
| 8 | दादरा और एन हवेली | 45.53 |
| 9 | दमन और दीव | 13.82 |
| 10 | दिल्ली | 1167.38 |
| 1 1 | गोवा | 69.41 |
| 12 | गुजरात | 6045.08 |
| 13 | हरियाणा | 1843.38 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 1177.64 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 2461.51 |
| 16 | झारखंड | 3367.53 |
| 17 | कर्नाटक | 4824.82 |
| 18 | केरला | 1308.66 |
| 19 | लक्षद्वीप | 19.84 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 8252.02 |
| 21 | महाराष्ट्र | 7389.01 |
| 22 | मणिपुर | 431.17 |
| 23 | मेघालय | 667.90 |
| 24 | मिजोरम | 255.21 |
| 25 | नागालैंड | 402.42 |
| 26 | ओडिशा | 5576.24 |
| 27 | पुडुचेरी | 75.34 |
| 28 | पंजाब | 2116.79 |
| 29 | राजस्थान | 6982.52 |
| 30 | सिक्किम | 229.56 |
| 31 | तमिलनाडु | 4120.23 |
| 32 | तेलंगाना | 2816.72 |
| 33 | त्रिपुरा | 913.43 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 16393.88 |
| 35 | उत्तराखंड | 1106.27 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 11295.96 |

स्रोत: पीएमएस 2019-20